भोले तेरे चरणों की अगर धुल जो मिल जाये

भोले बम बम बोलो..........
भोले तेरे चरणों की,
गौरा तेरे चरणों की,
अगर धुल जो मिल जाये ,
सच कहता हूँ मेरी ,
तकदीर बदल जाए...........

सुनते हैं तेरी रहमत,
दिन रात बरसती है,
एक बूँद जो मिल जाये,
दिल की कली खिल जाये,
भोले तेरे चरणों की,
गौरा तेरे चरणों की........

ये मन बड़ा चंचल है,
कैसे तेरा भजन करूँ,
जितना इसे समझाऊँ,
उतना ही मचल जाये,
भोले तेरे चरणों की,
गौरा तेरे चरणों की........

नजरों से गिराना ना,
चाहे कितना सजा देना,
नज़रों से जो गिर जाए,
मुश्किल है संभल पाए,
भोले तेरे चरणों की,
गौरा तेरे चरणों की........

गौरा इस जीवन में,
बस एक तमन्ना है,
तुम सामने हो मेरे,
मेरी दम निकल जाये,
भोले तेरे चरणों की,
गौरा तेरे चरणों की........

स्वर : अनुराधा पौडवाल

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/27309/title/bhole-tere-charno-ki-agar-dhool-jo-mil-jaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |